# भारतीय स्टेट बैंक (STATE BANK OF INDIA)

**क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, जैसलमेर**

परिसर : प्रथम तल, ए-23, शास्त्री नगर, जोधपुर - 342003 (राजस्थान)

निविदा संदर्भ संख्या: RBO-II/JAISALMER/2026-27/VEHICLE-1 दिनांक: 15.09.2026

## विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (DETAILED NOTICE INVITING TENDER - NIT)

(मासिक किराए के आधार पर एक (01) वातानुकूलित टैक्सी परमिट वाहन मय चालक अनुबंध हेतु)

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कार्यालयीन उपयोग हेतु मासिक किराए के आधार पर 24x7 रिटेनरशिप पर वातानुकूलित (AC), सफेद रंग की, वाणिज्यिक टैक्सी परमिट युक्त गाड़ियाँ (पेट्रोल/डीजल - नॉन-सीएनजी) मय दक्ष चालक अनुबंधित करने हेतु प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ट्रेवल एजेंसियों / टैक्सी ऑपरेटरों / वाहन स्वामियों से दो-बोली प्रणाली (Two-Bid System: तकनीकी बोली एवं वित्तीय/मूल्य बोली) के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

### 1. महत्वपूर्ण निविदा अनुसूची एवं विवरण (TENDER SCHEDULE & CRITICAL DATA):

| | |
|---|---|
| **निविदा जारी करने का कार्यालय** | भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, प्रथम तल, ए-23, शास्त्री नगर, जोधपुर-342003 |
| **स्वीकार्य वाहन श्रेणियां (सफेद रंग)** | HYUNDAI VERNA/ HYUNDAI VENUE/KIA SELTOS/VOLKSWAGEN VIRTUS |
| **वाहन का निर्माण वर्ष / मॉडल सीमा** | वाहन नया अथवा अधिकतम मॉडल वर्ष 2026 से पूर्व का न हो (पंजीयन वैध वाणिज्यिक टैक्सी परमिट हो)। |
| **ईंधन प्रकार** | केवल पेट्रोल अथवा डीजल (Non-CNG / Non-LPG)। संविदा अवधि में सीएनजी किट लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। |
| **मासिक कोटा एवं उपयोग समय** | 2500 किलोमीटर प्रतिमाह एवं प्रतिदिन 12 घंटे (प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक) संचालन। 24x7 रिटेनरशिप उपलब्धता। |
| **अनुबंध की प्रारंभिक अवधि** | 01 वर्ष (दिनांक 10.10.2026 से 09.10.2027 तक), संतोषप्रद सेवा पाए जाने पर वार्षिक संस्तुति के आधार पर अधिकतम आगामी 02 वर्ष हेतु नवीकरणीय। किसी भी दशा में तीन वर्ष पुराने वाहन का नविनिकरण नहीं किया जायेगा। |
| **धरोहर राशि (EMD / Bid Security)** | ₹ 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र) प्रति वाहन, बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक द्वारा देय (SBI के पक्ष में)। |

| | |
|---|---|
| | (MSME/NSIC छूट नियमानुसार)। |
| **परफारमेंस सिक्योरिटी (PBG)** | सफल बोलीदाता द्वारा कुल वार्षिक अनुबंध मूल्य का 5% एसटीडीआर (STDR) / बैंक गारंटी के रूप में बैंक के पक्ष में बंधक रखना होगा। |
| **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** | दिनांक 06.10.2026 को अपराह्न 04:00 PM तक |
| **तकनीकी बोली (Technical Bid) खोलने का समय** | दिनांक 06.10.2026 को अपराह्न 04:15 PM (बोलीदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष) |
| **वित्तीय बोली (Price Bid) खोलने का समय** | तकनीकी रूप से अर्ह पाए गए बोलीदाताओं को पृथक से सूचित किया जाएगा। |

## 2. निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया (TWO-BID SUBMISSION PROCEDURE):

• निविदा दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत की जाएगी: (क) लिफाफा-1: 'तकनीकी बोली (Technical Bid)' मय परिशिष्ट-'क' एवं आवश्यक अभिलेख (आरसी, परमिट, बीमा, फिटनेस, पीयूसी, पैन, जीएसटी व ईएमडी ड्राफ्ट); (ख) लिफाफा-2: 'वित्तीय बोली (Price Bid)' मय परिशिष्ट-'ख' जिसमें केवल निर्धारित प्रारूप में दरें उद्धृत हों।

• दोनों सीलबंद लिफाफों को एक बड़े मुख्य लिफाफे में रखकर सीलबंद किया जाए, जिसके ऊपर 'वातानुकूलित टैक्सी वाहन किराए पर लेने हेतु निविदा - 2026' तथा पूर्तिकर्ता का नाम, पता व संपर्क संख्या स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

• यदि वित्तीय बोली (Price Bid) तकनीकी बोली वाले लिफाफे में पाई गई या खुली अवस्था में पाई गई, तो निविदा को बिना किसी विचार के तत्काल प्रभाव से निरस्त (Reject) कर दिया जाएगा।

## 3. विस्तृत नियम एवं आवश्यक विधिक शर्तें (DETAILED TERMS & CONDITIONS):

**3.1 वाहन की स्थिति, रंग एवं ईंधन प्रतिबंध:** वाहन अनिवार्य रूप से सफेद रंग का, पूर्णतः वातानुकूलित (AC), स्वच्छ तथा वैध वाणिज्यिक टैक्सी परमिट युक्त होना चाहिए। ईंधन केवल पेट्रोल अथवा डीजल होगा। संविदा अवधि के दौरान किसी भी परिस्थिति में वाहन को सीएनजी (CNG) या एलपीजी (LPG) में परिवर्तित नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा पाया गया तो अनुबंध तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा तथा वाहन स्वामी पर शास्ती अधिरोपित की जाएगी।

**3.2 स्वामित्व, पात्रता एवं दस्तावेज:** वाहन का पंजीयन वाणिज्यिक टैक्सी नंबर (Yellow Plate) से होना अनिवार्य है। निविदा के साथ वाहन की वैध आरसी (RC), टैक्स टोकन, फिटनेस प्रमाण पत्र, वाणिज्यिक व्यापक बीमा (Comprehensive Commercial Insurance), आरटीओ टैक्सी परमिट एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (PUC) की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। यदि बोलीदाता नई गाड़ी खरीदकर लगाना चाहता है, तो उसे अधिकृत डीलर की बुकिंग रसीद/इनवॉइस तथा सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा और कार्य आदेश जारी होने पर नियत तिथि तक वाहन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**3.3 मासिक कोटा, दरें एवं अतिरिक्त प्रभार:** आधार मासिक किराया 2500 किलोमीटर एवं प्रतिदिन 12 घंटे (प्रातः 09:00 से रात्रि 09:00 बजे तक) के संचालन हेतु होगा।
(क) 2500 किमी से अधिक संचालन होने पर अतिरिक्त दर ₹12.00 प्रति किलोमीटर देय होगी।

(ख) प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक रोके जाने पर अतिरिक्त ओवर-टाइम दर ₹50.00 प्रति घंटा देय होगी।
(ग) बैंक आवश्यकतानुसार रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश के दिन भी वाहन उपयोग कर सकता है, जो कि 2500 किमी के मासिक कोटे में ही समाहित होगा। अवकाश दिवस में बुलाने पर चालक को अतिरिक्त ₹500/- प्रति अवकाश दिवस देय होगा।
(घ) मुख्यालय/नगर सीमा से बाहर जाने पर रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ड्यूटी की दशा में ₹500/- प्रति रात्रि देय होगा (अथवा जहां लागू न हो वहां शून्य रहेगा)।

**3.4 ईंधन मूल्य समायोजन खंड (Fuel Price Escalation / De-escalation Clause):** अनुबंध की आधार तिथि को प्रचलित पेट्रोल एवं डीजल की बेस रेट (Base Rate) को मानक माना जाएगा। यदि अनुबंध अवधि के दौरान ईंधन दरों में बेस रेट से ₹10.00 प्रति लीटर की शुद्ध वृद्धि या कमी होती है, तो मासिक किराए में ₹1,200/- की आनुपातिक वृद्धि अथवा कटौती की जाएगी। ₹10.00 प्रति लीटर से कम के उतार-चढ़ाव पर कोई समायोजन नहीं होगा।

**3.5 जीपीएस ट्रैकिंग एवं लॉगबुक संधारण:** वाहन में सरकार/परिवहन विभाग द्वारा अनुमोदित चालू स्थिति में वीएलटीडी/जीपीएस (GPS Tracker) लगा होना अनिवार्य है, जिसका ऑनलाइन लाइव एक्सेस बैंक को उपलब्ध कराना होगा। वाहन के साथ एक आधिकारिक लॉगबुक संधारित की जाएगी जिसमें प्रतिदिन की यात्रा, प्रारंभिक व अंतिम किलोमीटर, समय तथा उपयोगकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर दर्ज होंगे। किलोमीटर की गणना उपयोगकर्ता अधिकारी के पिक-अप स्थल से ड्रॉप स्थल के आधार पर तय होगी। लॉगबुक बैंक की संपत्ति होगी।

**3.6 रखरखाव एवं वाहन प्रतिस्थापन (Breakdown & Replacement SLA):** वाहन के संपूर्ण रखरखाव, सर्विसिंग, लुब्रिकेंट्स, फ्यूल ऑयल, कूलेंट, टायर, ट्यूब, बैटरी एवं दैनिक कलपुर्जों का समस्त व्यय वाहन स्वामी वहन करेगा। वाहन में सफेद रंग के स्वच्छ सीट कवर (तौलिये) लगे होने चाहिए। ब्रेकडाउन या दुर्घटना की स्थिति में संविदाकार को अधिकतम 01 घंटे के भीतर उसी श्रेणी का वैकल्पिक वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। विफल रहने पर बैंक बाजार से टैक्सी किराए पर लेने हेतु स्वतंत्र होगा और उसका समस्त व्यय संविदाकार के मासिक बिल से काटा जाएगा।

**3.7 चालक संबंधी अर्हताएं एवं सत्यापन:** चालक की आयु 25 से 50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, पूर्णतः स्वस्थ हो तथा उसके पास न्यूनतम 05 वर्ष का वैध वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। ड्यूटी पर लगाने से पूर्व चालक का पुलिस सत्यापन (Police Verification) तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बैंक में जमा कराना अनिवार्य होगा। चालक स्वच्छ वर्दी पहनेगा, व्यवहार कुशल व अनुशासित होगा। नशे की हालत में अथवा मोबाइल का प्रयोग करते हुए गाड़ी चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। वाहन में अनिवार्य रूप से फर्स्ट एड बॉक्स (First Aid Box) एवं अग्निशामक यंत्र (Fire Extinguisher) उपलब्ध रहेगा।

**3.8 मालिक-कर्मचारी संबंध का पूर्ण अपवर्जन (No Employer-Employee Relationship):** गाड़ी स्वामी/ट्रेवल एजेंसी एवं बैंक के मध्य केवल सेवा प्रदाता का संबंध होगा। चालक पूर्णतया वाहन स्वामी का कर्मचारी होगा और उसके वेतन, भत्ते, ईपीएफ, ईएसआई, बोनस अथवा कार्य के दौरान दुर्घटना/क्षतिपूर्ति की समस्त विधिक जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। चालक कभी भी बैंक कर्मचारी होने या बैंक में सेवा नियमन/स्थायीकरण का दावा नहीं करेगा।

**3.9 श्रम कानून, मोटर वाहन अधिनियम एवं क्षतिपूर्ति खंड (Indemnity Clause):** वाहन स्वामी श्रम कानून, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम एवं मोटर वाहन अधिनियम (Motor Vehicles Act) के सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन करने हेतु बाध्य होगा। वाहन संचालन के दौरान किसी दुर्घटना, जनहानि, संपत्ति नुकसान, चालान अथवा

विधिक वाद की स्थिति में बैंक का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। संविदाकार बैंक, उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी भी वित्तीय, विधिक या दाण्डिक दायित्व से पूर्णतः क्षतिमुक्त (Indemnify) रखेगा।

**3.10 संविदा की अवधि एवं समाप्ति (Termination Clause):** अनुबंध 01 (एक) वर्ष की अवधि हेतु होगा, जिसे संतोषप्रद सेवा पाए जाने पर वार्षिक संस्तुति के आधार पर अगले 02 (दो) वर्ष, (वार्षिक संस्तुति आधार पर) हेतु बढ़ाया जा सकता है। बैंक बिना कोई कारण बताए 30 दिन का लिखित नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकता है। सेवा में गंभीर चूक, अनुपस्थिति, अनाधिकृत आचरण या शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में बैंक 24 घंटे के नोटिस (जरिये पत्र/ईमेल) पर अनुबंध तुरंत समाप्त (उसी दिन) करने एवं सुरक्षा निधि जब्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है।

**3.11 भुगतान प्रक्रिया एवं कराधान (Billing & Taxation):** मासिक देयक (Bill) आगामी माह के प्रथम कार्यदिवसों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका भुगतान सभी स्वीकृत कटौतियों (आयकर TDS नियमानुसार) के उपरांत अधिकतम 10 कार्यदिवसों में संविदाकार के बैंक खाते में एनईएफटी/आरटिजीएस द्वारा किया जाएगा। कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

**3.12 विधिक क्षेत्राधिकार (JURISDICTION) - आर्बिट्रेशन का पूर्ण अपवर्जन:** इस अनुबंध में किसी भी प्रकार का आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता) खंड लागू नहीं होगा। इस संविदा या निविदा के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद, दावे अथवा विधिक वाद के निराकरण हेतु विधिक क्षेत्राधिकार केवल स्थानीय सक्षम दीवानी न्यायालय, जोधपुर (Competent Civil Court at Jodhpur) ही होगा।

**3.13 बैंक का सर्वाधिकार:** भारतीय स्टेट बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा अथवा संपूर्ण निविदा प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर स्वीकार अथवा निरस्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है।

स्वीकृति एवं वचनबद्धता:
निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें मुझे पूर्णतः स्वीकार एवं मान्य हैं।

..............................................................
निविदादाता / अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मय मोहर

हस्ताक्षर एवं अधिकृत पदनाम:

मुख्य प्रबन्धक / क्षेत्रीय प्रबन्धक
भारतीय स्टेट बैंक

## परिशिष्ट - 'क' (ANNEXURE - A)

## तकनीकी बोली प्रारूप (TECHNICAL BID PROFORMA)

(सीलबंद लिफाफा संख्या-01 में प्रस्तुत किया जाना है)

| क्र. | विवरण / विवरणिका | निविदादाता द्वारा प्रविष्टि | संलग्नक पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादाता / फर्म / ट्रेवल एजेंसी / वाहन स्वामी का नाम | | |
| 2 | स्थायी पता एवं कार्यालयीन पत्राचार का पता | | |
| 3 | अधिकृत संपर्क व्यक्ति, दूरभाष/मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी | | |
| 4 | पैन कार्ड नंबर (PAN No.) (स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | | |
| 5 | जीएसटी पंजीयन संख्या (GSTIN) (यदि पंजीकृत हो तो प्रति संलग्न करें) | | |
| 6 | प्रस्तावित वाहन का मेक, मॉडल एवं निर्माण माह/वर्ष | | |
| 7 | वाहन का पंजीयन क्रमांक (Registration No.) (नई गाड़ी की दशा में इनवॉइस/बुकिंग रसीद) | | |
| 8 | ईंधन का प्रकार (केवल पेट्रोल अथवा डीजल - Non CNG) | | |
| 9 | वाहन का रंग (केवल सफेद रंग स्वीकार्य) | | |
| 10 | वाणिज्यिक आरटीओ टैक्सी परमिट वैधता तिथि (प्रति संलग्न करें) | | |
| 11 | व्यापक वाणिज्यिक बीमा (Comprehensive Insurance) वैधता तिथि | | |
| 12 | प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (PUC) वैधता तिथि | | |
| 13 | वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र वैधता तिथि | | |
| 14 | जीपीएस (GPS) ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित है? (हाँ / नहीं) | | |
| 15 | धरोहर राशि (EMD - ₹10,000/-) का विवरण (DD/BC सं., दिनांक, बैंक) | | |
| 16 | चालक का विवरण (नाम, आयु 25-50 वर्ष, डीएल | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सं., न्यूनतम 5 वर्ष अनुभव) | | |
| 17 | चालक का पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र संलग्न है? (हाँ / नहीं) | | |

**सत्यनिष्ठा घोषणा पत्र (DECLARATION):** मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य, सटीक एवं सही है। मैंने निविदा दस्तावेज की सभी शर्तें भली-भांति पढ़ व समझ ली हैं और मैं उनका अक्षरशः पालन करने हेतु अपनी पूर्ण सहमति प्रदान करता हूँ। यदि कोई भी तथ्य असत्य या भ्रामक पाया जाता है, तो मेरी निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जाएगी तथा बैंक को मेरी धरोहर राशि जब्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक: ........................

स्थान: ........................

..........................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

नाम: ..................................................

पदनाम: ..............................................

## परिशिष्ट - 'ख' (ANNEXURE - B)

## वित्तीय / मूल्य बोली प्रारूप (PRICE BID PROFORMA)

(सीलबंद लिफाफा संख्या-02 में पृथक से प्रस्तुत किया जाना है - इसमें कोई अन्य शर्त न लिखें)

| क्र. सं. | मद का विवरण (Description of Item) | उद्धृत दर (रुपये में - अंकों व शब्दों में) |
|---|---|---|
| 1 | निश्चित मासिक किराया (प्रति वाहन), GST के अलावा (Fixed Monthly Rental per Vehicle excluding GST, if applicable):<br>वातानुकूलित वाहन (सफेद रंग) मय चालक, ईंधन, रख-रखाव, तेल एवं अन्य समस्त परिचालन व्यय सहित।<br>(2500 किलोमीटर प्रतिमाह एवं प्रतिदिन 12 घंटे के संचालन हेतु) | ₹ .................................. प्रति माह/वाहन<br><br>(शब्दों में: ..........................................<br>..........................................................) |
| 2 | अतिरिक्त किलोमीटर दर (बैंक द्वारा निर्धारित दर):<br>2500 किमी से अधिक संचालन होने पर दर | **₹ 12.00 प्रति किमी (निश्चित)** |
| 3 | अतिरिक्त समय प्रभार / ओवर-टाइम (बैंक द्वारा निर्धारित दर):<br>प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक रोके जाने पर दर | **₹ 50.00 प्रति घंटा (निश्चित)** |
| 4 | रविवार / राजपत्रित अवकाश प्रभार (बैंक द्वारा निर्धारित दर):<br>अवकाश दिवस पर ड्यूटी हेतु अतिरिक्त चालक भत्ता | **₹ 500.00 प्रति अवकाश दिवस (निश्चित)** |
| 5 | मुख्यालय/नगर सीमा से बाहर रात्रि ठहराव प्रभार (Night Halt Charges):<br>रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक की ड्यूटी हेतु | **₹ 500.00 प्रति रात्रि (निश्चित)** |

**मूल्यांकन मानदंड एवं विशेष निर्देश (EVALUATION CRITERIA & NOTES):**

1. वित्तीय मूल्यांकन एवं L-1 का निर्धारण केवल क्रम संख्या 1 में उद्धृत 'निश्चित मासिक किराए' (Fixed Monthly Rental) के आधार पर किया जाएगा।
2. क्रम संख्या 2, 3, 4 एवं 5 की दरें बैंक द्वारा पूर्व-निर्धारित एवं गैर-परक्राम्य (Non-Negotiable) हैं।
3. उद्धृत मासिक किराए में जीएसटी की स्थिति स्पष्ट करें:
   [ ] जीएसटी (GST) अतिरिक्त देय होगा। अथवा [ ] जीएसटी (GST) मासिक किराए में सम्मिलित है।
4. Price Bid में किसी भी प्रकार की ओवर-राइटिंग अथवा कटिंग होने पर बोलीदाता के पूर्ण हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं।

दिनांक: ........................

स्थान: ........................

..............................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

नामः ....................................................

मोबाइलः ...............................................